<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 29.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल अंसारी को एयर एम्बुलेंस से ले जाया गया दिल्ली, कल तबीयत बिगड़ने पर रांची के एक निजी अस्पताल में कराया गया था भर्ती।
2. नक्सलियों के खिलाफ अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता, पश्चिमी सिंहभूम से पीएलएफआई के चार सदस्य हथियार के साथ गिरफ्तार।
3. झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी ने छत्तीसगढ़ के छह लोगों को जारी किया समन, 1 और 2 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया रांची।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज जायेंगे जमशेदपुर, दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में होंगे शामिल।
5. रांची में भीषण सड़क हादसे में मां–बेटी की मौत, घटना के विरोध में स्थानीय लोगों का प्रदर्शन, सड़क जाम, दुमका में चार छात्र नदी में डूबे।

<u>******************</u>

राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल रवाना किया गया हैं। कल मानसून सत्र के दौरान उन्होंने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

<u>******************</u>

पश्चिमी सिंहभूम जिले से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां बंदगांव थाना क्षेत्र से हुई है। एसपी राकेश रंजन ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से कई हथियार और अन्य आपत्तिजनक चीजें बरामद की गयी हैं।

<u>******************</u>

राज्य में जुलाई माह में कुल 28 नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर प्रवीण एक्का भी शामिल हैं। राज्य के पुलिस प्रवक्ता सह पुलिस महानिरीक्षक अभियान माइकल राज एस ने आज रांची में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि इस दौरान नक्सलियों के पास से 10 हथियार और बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद किये गये। पुलिस प्रवक्ता ने साइबर अपराध, सांगठनिक अपराध के साथ–साथ सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस को मिली सफलता का भी जिक्र किया।

<u>******************</u>

रांची के पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित दीपाटोली में कल रात एक कार में रांची विधानसभा अध्यक्ष का बोर्ड लगाकर घूम रहे तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कार के नंबर प्लेट पर विधानसभा अध्यक्ष के साथ जेएलकेएम भी लिखा हुआ था। पूछताछ में युवकों ने बताया कि उनका न तो विधानसभा अध्यक्ष से कोई संबंध है और न ही जेएलकेएम से। पुलिस ने देर रात तीनों युवकों को छोड़ दिया लेकिन पूरे मामले की छानबीन की जा रही है।

<u>******************</u>

झारखंड शराब घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की कार्रवाई जारी है। झारखंड एसीबी ने इस मामले में छत्तीसगढ़ के छह लोगों को समन भेजकर पूछताछ के लिए रांची बुलाया है। एसीबी ने जिन लोगों को समन भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया है, उसमें छत्तीसगढ़ के दुर्ग के रहने वाले अरविंद सिंह, नवीन केडिया, अरुणपति त्रिपाठी, भाटिया वाइंस एंड कंपनी के मालिक भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया, रायपुर के विकास अग्रवाल और विलासपुर के राजेंद्र जायसवाल के नाम शामिल हैं। सभी को 1 और 2 सितंबर को एसीबी कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

******************

दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का आज श्राद्ध भोज होगा। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश के कई मंत्री, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ नेता व अन्य राजनीतिक संगठन के भी वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल होकर श्री सोरेन के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

******************

राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक स्कूली बच्ची और उसकी मां की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मां अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने जा रही थी, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दी है। पुलिस मौके पर पहुंच गयी है और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास कर रही है।

******************

दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र अंतर्गत मयूराक्षी नदी में स्नान करने गए चार छात्र डूब गए। इनमें से एक छात्र कृष्ण सिंह का शव बरामद किया गया है। अगल–बगल से गोताखोर बुलाए गए हैं और तीन अन्य छात्रों की तलाश की जा रही है।

******************

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। ताज़ा रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 224 अंक बढ़कर 80 हजार 305 पर और निफ्टी 67 अंक बढ़कर 24 हजार 568 पर पहुंच गया था।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 95 हजार सात सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 23 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने राजधानी रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू और गढ़वा में आज और कल भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में कहीं–कहीं आज भी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन राज्य में कहीं–कहीं तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

******************

राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर आज राज्यभर में कई खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। रांची में जहां तीन दिवसीय खेल महोत्सव की शुरुआत की गयी है वहीं चतरा जिले में मटका फोड़ और एथलेटिक्स से जुड़ी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उधर, बोकारो स्टील सिटी में आज मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। एंजेला आर्चरी अकादमी के द्वारा आयोजित मिनी मैराथन में सैकड़ों की संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मिनी मैराथन को धनबाद के सांसद ढुलू महतो एवं पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और विजेता धावकों को पुरस्कृत भी किया। मीडिया से बात करते हुए सांसद ढुलू महतो ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में खेल के प्रति जज्बा को जगाने का काम किया है।

******************

इधर, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर साहिबगंज जिले में भी कई खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन हो रहा है।

******************

केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल नीति को मंजूरी दिये जाने से राज्य भर में उत्साह का माहौल है। हॉकी की नर्सरी सिमडेगा में राष्ट्रीय खेल नीति को  लेकर खिलाड़ियों, खेल संघ के पदाधिकारियों और खेलप्रेमियों ने खुशी जाहिर की है। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि इससे खेल क्षेत्र में भारत को वैश्विक पहचान मिलेगी।

इधर, हॉकी की राष्ट्रीय खिलाड़ी सानिया तिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय खेल नीति से मौजूदा खेल प्रणाली में आमूल–चूल परिवर्तन आयेगा।

******************